(1) 3500 (2) 2700 (3) 3000 (4) 3200

55. Arrange the following statements according to ascending levels of geometrical thinking as per Van-Hiele's theory of geometrical learning.

(a) Identification of properties of geometrical shapes

(b) Classification of different shapes

(c) Finding relationship between the properties of geometrical shapes

(d) Identification of geometrical shapes as they are

Choose the **correct** option :

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (a), (b), (c), (d)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (c), (b), (a)

वैन हैले के ज्यामितीय अधिगम के सिद्धांत के अनुसार निम्नलिखित कथनों को ज्यामितीय सोच के आरोही स्तरों में व्यवस्थित कीजिए।

(a) ज्यामितीय आकृतियों के गुणों की पहचान

(b) विभिन्न आकृतियों का वर्गीकरण

(c) ज्यामितीय आकृतियों के गुणों के बीच संबंध ढूँढना

(d) ज्यामितीय आकृतियों की, जैसी वे है, उसी रूप में पहचान

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a), (c), (b), (d) (2) (a), (b), (c), (d)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (c), (b), (a)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

56. The ratio of two numbers is 3 : 7 and their LCM is 630. Then, sum of the LCM and HCF of these numbers is :

(1) 660 (2) 30 (3) 300 (4) 600

दो संख्याओं का अनुपात 3 : 7 है तथा इनका LCM = 630 है। तब, इन संख्याओं के LCM और HCF का योग है :

(1) 660 (2) 30 (3) 300 (4) 600

57. According to National Curriculum Framework 2005 which of the following process is least important in mathematics ?

(1) Generalizing a mathematical formula.
(2) Solving day to day problems.
(3) Understanding when and how a mathematical technique is to be used.
(4) Finding short-cuts in mathematics.

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया गणित में सबसे कम महत्वपूर्ण है ?

(1) गणितीय सूत्र का सामान्यीकरण।
(2) दिन प्रतिदिन की समस्याओं का समाधान करना।
(3) यह समझना कि गणितीय तकनीक का उपयोग कब और कैसे किया जा सकता है।
(4) गणित में शार्टकट खोजना।

58. Which of the following does **not** imply the meaning of assessment ?

(1) It is a procedure to gather information of student's performance.
(2) It is evaluation.
(3) It helps to label the students.
(4) It helps to diagnose individual differences.

निम्नलिखित में से क्या आकलन के अर्थ को **नहीं** समझाता ?

(1) यह विद्यार्थी के प्रदर्शन पर जानकारी एकत्रित करने का एक तरीका है।
(2) यह मूल्यांकन है।
(3) यह विद्यार्थियों को नामांकित करने में सहायता करता है।
(4) यह व्यक्तिगत भिन्नताओं का निदान करने में सहायता करता है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**59.** The value of $52 \times 3 \div 4 + \sqrt{441} \div 7 \times 3 + 5 - 32 \div 8 \times 12$ is :

(1) 21 (2) 0 (3) 5 (4) 15

$52 \times 3 \div 4 + \sqrt{441} \div 7 \times 3 + 5 - 32 \div 8 \times 12$ का मान है :

(1) 21 (2) 0 (3) 5 (4) 15

**60.** A teacher distributes different types of triangle shaped paper cuttings to the learners and tells them to measure and tabulate the angles in order to find the sum of angles. He tells them to note the result in each case.

This method of teaching is an example of :

(1) Analytical approach (2) Discovery method

(3) Teacher centered approach (4) Deductive method

एक शिक्षक शिक्षार्थियों को विभिन्न प्रकार के त्रिभुजाकार कागज़ की कतरनें वितरित करता है और उन्हें कोणों का योग ज्ञात करने के लिए कोणों को मापने और सारणीबद्ध करने के लिए कहता है। वह उन्हें प्रत्येक परिस्थिति में परिणाम नोट करने के लिए कहता है।

शिक्षण की यह विधि __________ का एक उदाहरण है।

(1) विश्लेषणात्मक उपागम (2) खोज विधि

(3) शिक्षक केंद्रित उपागम (4) निगमनात्मक विधि

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**Direction :** *Answer the following questions by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**61.** Which of the following characterizes human circulatory system ?
(1) closed, double circulation (2) open, single circulation
(3) open, double circulation (4) closed, single circulation

निम्नलिखित में से क्या मानव परिसंचारी प्रणाली तंत्र को वर्णित करेगा?
(1) संवृत, द्विकसंचारी (2) विवृत, एकल संचारी
(3) विवृत, द्विकसंचारी (4) संवृत, एकल संचारी

**62.** A gender responsive pedagogy in science entails.
(a) Use of gender sensitive language
(b) Engaging students in examining stereotypes
(c) Making gender based groups
(d) Using differentiated instruction and assessment
(1) (c) and (d) (2) (a), (b) and (c)
(3) (a), (c) and (d) (4) (a) and (b)

विज्ञान में लिंग (जेंडर) प्रतिसंवेदी शिक्षाशास्त्र अपरिहार्य बनाता है :
(a) लिंग संबंधित (जेंडर) संवेदनशील भाषा के उपयोग को
(b) रूढ़िबद्ध धारणाओं की जाँच/परख करने में विद्यार्थियों को संलिप्त करने को
(c) लिंग (जेंडर) आधारित समूह बनाने को
(d) विभेदीकृत निर्देश एवं आकलन के प्रयोग को
(1) (c) और (d) (2) (a), (b) और (c)
(3) (a), (c) और (d) (4) (a) और (b)

**63.** The colour of flame depends on :
(a) Nature of combustible substance
(b) Oxygen supply
(c) Temperature of the surroundings
(1) (a) and (c) (2) (a) only (3) (b) only (4) (a) and (b)

ज्वाला का रंग निर्भर करता है :
(a) दाह्य पदार्थ की प्रकृति पर
(b) ऑक्सीजन आपूर्ति पर
(c) आस-पास के तापमान पर
(1) (a) और (c) (2) केवल (a) (3) केवल (b) (4) (a) और (b)

**64.** Which of the following is **true** regarding scientific laws ?
(1) They provide reasoning for physical phenomena.
(2) They describe relationships between observable phenomena.
(3) They are formed from scientific theories.
(4) They can't be challenged.

निम्नलिखित में से वैज्ञानिक नियमों के बारे में कौन-सा **सही** है?
(1) वे भौतिक परिघटनाओं के लिए तर्क (विवेचन) प्रदान करते हैं।
(2) वे अवलोकनशील परिघटनाओं के मध्य संबंधों का वर्णन करते हैं।
(3) वे वैज्ञानिक सिद्धांतों से बनते हैं।
(4) उन्हें चुनौती नहीं दी जा सकती है।

65. Which of the following statements is/are **true** ?

(a) Self pollination takes place only in bisexual flowers.

(b) Bisexual flowers can pollinate both by self and cross pollination.

(1) Both (a) and (b) are true. (2) (a) is true and (b) is false.

(3) (a) is false and (b) is true. (4) Both (a) and (b) are false.

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन **सही** हैं?

(a) स्वपरागण केवल द्विलिंगी पुष्पों (फूलों) में होता है।

(b) द्विलिंगी पुष्प (फूल), स्व एवं पर-परागण दोनों प्रकार से पराग सींच सकते हैं।

(1) (a) और (b) दोनों सही हैं। (2) (a) सही है और (b) गलत है।

(3) (a) गलत है और (b) सही है। (4) (a) और (b) दोनों गलत हैं।

66. Which of the following illustrates 'science as inquiry' ?

(1) Observe the types of venation in various leaves

(2) Classify the given plants into herbs, shrubs and trees

(3) Explore factors which affect the rate of germination in gram seeds

(4) List five uses of coconut tree

निम्नलिखित में से कौन सा 'जाँच-पड़ताल की तरह विज्ञान' को चित्रित करता है?

(1) विभिन्न पर्णों में शिराबिन्यास के प्रकारों का अवलोकन करना

(2) दिए गए पादपों (पौधों) का शाकों, झाड़ियों एवं वृक्षों में वर्गीकरण करना

(3) चने के बीजों में अंकुरण की दर को प्रभावित करने वाले कारकों का अन्वेषण करना

(4) नारियल के पेड़ (वृक्ष) के पाँच उपयोग सूचिबद्ध करना

67. (A) Metal oxides are basic in nature.

(B) Air expands on heating.

(C) Lime water turns milky on passing carbondioxide.

(D) Sodium hydroxide and hydrochloric acid neutralise each other.

If observation is represented by O and inference by I, which of the following statements is **correct** ?

(1) O - A, B; I - B, C (2) O - C, D; I - A, B

(3) O - B, C; I - A, D (4) O - C; I - A, B, D

(A) धातु-ऑक्साइड प्रकृति में क्षारकीय होते हैं।

(B) वायु गर्म होने पर फैलती है।

(C) कार्बन डाइऑक्साइड प्रवेश (डालने पर) कराने पर चूने का पानी दुधिया हो जाता है।

(D) सोडियम हाइड्रोक्साइड एवं हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एक दूसरे को उदासीन कर देते हैं।

अगर अवलोकन O द्वारा निरूपित है एवं I द्वारा अध्याहार (निष्कर्ष) है तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

(1) O - A, B; I - B, C (2) O - C, D; I - A, B

(3) O - B, C; I - A, D (4) O - C; I - A, B, D

68. Read the statements given below and choose the **correct** option :

**Assertion (A) :** The rate of breathing in aquatic animals is slower than land animals.

**Reason (R) :** Presence of large amounts of dissolved oxygen affects rate of breathing of aquatic animals.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** उत्तर का चुनाव कीजिए :

**अभिकथन (A) :** थल प्राणियों की तुलना में जलीय प्राणियों की श्वसन दर धीमी होती है।

**तर्क (R) :** जल में घुली हुई ऑक्सीजन की उच्च मात्रा जलीय प्राणियों की श्वसन दर को प्रभावित करती है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(4) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

69. Read the statements given below and choose the **correct** options :

**Assertion (A) :** The filament of an incandescent bulb is made up of tungsten.

**Reason (R) :** Tungsten has low resistance and high melting point.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true and **(R)** is false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** उत्तर का चुनाव कीजिए :

**अभिकथन (A) :** एक तापदीप्त बल्ब का पुंतंतु (तंतु) टंग्स्टेन का बना होता है।

**तर्क (R) :** टंग्स्टेन का निम्न प्रतिरोध एवं उच्च गलनांक होता है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(4) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

70. An odometer in a car measures :

(1) acceleration of the car
(2) distance travelled by the car
(3) instantaneous speed of the car
(4) average speed of the car

एक कार में ओडोमीटर मापता है :

(1) कार का त्वरण (गतिवर्धन)
(2) कार द्वारा तय की गई दूरी
(3) कार की तात्कालिक चाल (गति)
(4) कार की औसत चाल (गति)

**71.** Which of the following is/are **true** regarding scientific investigations ?

(a) Results are not influenced by procedure.
(b) Social context may influence conclusions in any investigation.
(c) Data and evidence are same.
(d) There is no universal scientific method.

(1) (c) and (d) (2) (a) and (b) (3) (b) and (d) (4) (a) and (c)

निम्नलिखित में से कौन सा/से वैज्ञानिक अनुसंधान/अन्वेषण के बारे में **सही** है/हैं ?

(a) परिणाम क्रिया विधि द्वारा प्रभावित नहीं होते हैं।
(b) किसी अनुसंधान/अन्वेषण में सामाजिक संदर्भ प्रभावित कर सकते हैं।
(c) आकड़ें और साक्ष्य (प्रमाण) समान होते हैं।
(d) कोई भी सार्विक (सर्वव्यापी) वैज्ञानिक विधि नहीं है।

(1) (c) और (d) (2) (a) और (b) (3) (b) और (d) (4) (a) और (c)

**72.** Read the statements given below and choose the **correct** option :

**Assertion (A) :** It is recommended that acid should be added to water for diluting the acid and not vice-versa.

**Reason (R) :** Dilution of acid is a highly exothermic reaction.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** उत्तर का चुनाव कीजिए :

**अभिकथन (A) :** यह अनुशंसित है कि अम्ल को तनु बनाने के लिए जल में अम्ल डाला जाना चाहिए न कि अम्ल में जल।

**तर्क (R) :** अम्ल का मंदन (तनुकरण) करना उच्च रूप से ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(4) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

**73.** The purpose of divergent questions in science classroom can be :

(a) to promote critical thinking
(b) to discern between students
(c) to develop communication
(d) to identify gifted students
(e) to identify alternate conceptions
(f) to appreciate subjectivity in science

(1) (b), (d), (e) and (f) (2) (a), (b), (d) and (e)
(3) (a), (b), (c) and (f) (4) (a), (c), (e) and (f)

विज्ञान कक्षा में अपसारी प्रश्नों का उद्देश्य हो सकता है :

(a) आलोचनात्मक (विवेचनात्मक) चिंतन को प्रोत्साहित (बढ़ावा देना) करने का
(b) विद्यार्थियों के बीच भेद करने का
(c) संचारण (सम्प्रेषण) विकसित करने का
(d) प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करने का
(e) वैकल्पिक अवधारणाओं की पहचान करने का
(f) विज्ञान में व्यक्तिनिष्ठता को स्वीकारने का

(1) (b), (d), (e) और (f) (2) (a), (b), (d) और (e)
(3) (a), (b), (c) और (f) (4) (a), (c), (e) और (f)

74. The atomic number of A is 13 and the atomic number of B is 17. The chemical formula of the compound formed from A and B could be :

(1) AB (2) $A_3B$ (3) $AB_3$ (4) $AB_2$

A का परमाणु-क्रमांक 13 है तथा B का परमाणु-क्रमांक 17 है। A और B से निर्मित यौगिक का रसायनिक सूत्र हो सकता है :

(1) AB (2) $A_3B$ (3) $AB_3$ (4) $AB_2$

75. Discussion on socio-scientific issues in class helps in :

(a) developing argumentative skills in learners
(b) developing multiple perspectives on an issue
(c) encouraging citizen science activities
(d) appreciating the role of society in development of science

(1) (b), (c) and (d) (2) (b) and (c)
(3) (a), (b) and (c) (4) (c) and (d)

कक्षा में सामाजिक-वैज्ञानिक मामलों की परिचर्चा सहायता करती है :

(a) अधिगमकर्ताओं में तर्कसंगत कौशल का विकास करने में
(b) किसी मामले पर बहु-परिप्रेक्ष्यों का विकास करने में
(c) नागरिक विज्ञान संबंधी गतिविधियों को प्रेरित करने में
(d) विज्ञान के विकास में समाज की भूमिका के महत्व को स्वीकार करने में

(1) (b), (c) और (d) (2) (b) और (c)
(3) (a), (b) और (c) (4) (c) और (d)

76. Which of the following factors are responsible for generation and flow of winds on the earth ?

(a) Uneven heating of the earth
(b) Uneven heating of the oceans
(c) Distance between earth and sun
(d) Gravitational force on the earth

(1) (a) and (d) (2) only (a) (3) (a) and (c) (4) (a) and (b)

निम्नलिखित में से कौन से कारक पृथ्वी पर पवनों के जनन एवं बहाव के लिए उत्तरदायी हैं ?

(a) पृथ्वी का अनियमित (परिवर्तनीय) तापन
(b) महासागरों का अनियमित (परिवर्तनीय) तापन
(c) पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी
(d) पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण बल

(1) (a) और (d) (2) केवल (a) (3) (a) और (c) (4) (a) और (b)

77. **Assertion (A) :** The ceilings of cinema halls and concert halls are generally curved.
**Reason (R) :** Sound waves after striking a curved surface get reflected in all directions.
(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is correct explanation for **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation for **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** सिनेमा हॉल और संगीत समारोह हॉल की छतें सामान्यत: वक्रित होती है।
**तर्क (R) :** एक वक्रित सतह से टकराने के पश्चात् ध्वनि तरंगें सभी दिशाओं में परावर्तित हो जाती हैं।
(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(4) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

78. Following table depicts colour changes in acids and bases when various indicators are added :

| **Indicator** | **Colour change in acids** | **Colour change in bases** |
|---|---|---|
| Turmeric | No change | A |
| China rose | Dark Pink | B |
| Phenolphthalein | C | Pink |
| Methyl orange | D | Pink |

A, B, C, D respectively are :
(1) yellow, orange, pink, colourless
(2) reddish brown, green, colourless, orange
(3) yellow, green, orange, colourless
(4) reddish brown, pink, orange, colourless

निम्नलिखित सारणी विभिन्न सूचकों के डाले जाने पर अम्ल और क्षार में होने वाले रंग परिवर्तन को चित्रित करती है :

| **सूचक** | **अम्ल में होने वाला रंग परिवर्तन** | **क्षारक में होने वाला रंग परिवर्तन** |
|---|---|---|
| हल्दी | कोई परिवर्तन नहीं | A |
| चाइना रोज़ | गहरा गुलाबी | B |
| फ़ीनॉलफ्थेलिन | C | गुलाबी |
| मेथिल-ऑरेन्ज | D | गुलाबी |

A, B, C, D क्रमश: हैं :
(1) पीला, ऑरेन्ज, गुलाबी, रंगहीन
(2) रक्ताभ भूरा, हरा, रंगहीन, ऑरेन्ज (नारंगी)
(3) पीला, हरा, ऑरेन्ज (नारंगी), रंगहीन
(4) रक्ताभ भूरा, गुलाबी, ऑरेन्ज (नारंगी), रंगहीन

79. Three identical holes are punched at different levels (heights) in a plastic bottle. The bottle is filled with water. Which of the following statements is true regarding the flow of water from the holes ?

(a) Water from lowest hole comes out with greatest force

(b) Water from highest hole comes out with greatest force

(c) Water from all holes comes out with equal force

(d) Water from lowest hole falls at maximum distance

(e) Water from highest hole falls at maximum distance

(f) Water from all holes falls at same distance

(1) (a) and (d) (2) (c) and (f) (3) (a) and (e) (4) (b) and (e)

एक प्लास्टिक की बोतल में भिन्न-भिन्न स्तरों (ऊँचाईयों) पर समरूप (एकरूप) तीन छेद किए गए। बोतल को पानी से भर दिया गया। निम्नलिखित में से कौन सा कथन छेदों से पानी के (प्रवाह) बहाव के बारे में सही है?

(a) निम्नतम छेद से पानी अधिकतम बल के साथ बाहर आएगा

(b) उच्चतम छेद से पानी अधिकतम बल के साथ बाहर आएगा

(c) सभी छेदों से पानी समान रूप से बाहर आएगा

(d) निम्नतम छेद से पानी अधिकतम दूरी पर गिरेगा

(e) उच्चतम छेद से पानी अधिकतम दूरी पर गिरेगा

(f) सभी छेदों से पानी समान दूरी पर गिरेगा

(1) (a) और (d) (2) (c) और (f) (3) (a) और (e) (4) (b) और (e)

80. Which of the following is not a feature of alternate conceptions in science ?

(1) Ideas do not demonstrate cause and effect reasoning.

(2) Ideas are stable.

(3) Ideas are resistant to change.

(4) Ideas are developed from observable features.

निम्नलिखित में से कौन सा विज्ञान में वैकल्पिक अवधारणाओं की विशेषता नहीं है?

(1) विचार, कारण और प्रभाव तर्क को प्रदर्शित नहीं करते हैं।

(2) विचार स्थिर होते हैं।

(3) विचार परिवर्तन प्रतिरोधी होते हैं।

(4) विचार अवलोकीकृत विशेषताओं से विकसित होते हैं।

81. An object floats with $\frac{1}{4}$th part of its volume outside the liquid when put in liquid A and $\frac{3}{4}$th part of its volume outside the liquid when put in liquid B. Which of the following statements is **true** ?

(1) The densities of liquid cannot be compared on the basis of above information.

(2) Density of liquid A is greater than density of liquid B.

(3) Both liquids have same density.

(4) Density of liquid B is greater than density of liquid A.

एक वस्तु को जब द्रव A में डाला जाता है तब वह द्रव के बाहर अपने आयतन के $\frac{1}{4}$ (एक चौथाई) भाग के साथ तैरती है तथा जब द्रव B में डाला जाता है तब वह द्रव के बाहर अपने आयतन के $\frac{3}{4}$ (तीन चौथाई) भाग के साथ तैरती है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

(1) उपरोक्त सूचना के आधार पर द्रवों के घनत्वों की तुलना नहीं की जा सकती है।

(2) द्रव A का घनत्व, द्रव B के घनत्व से अधिक है।

(3) दोनों द्रवों का समान घनत्व है।

(4) द्रव B का घनत्व, द्रव A के घनत्व से अधिक है।

82. A class VII teacher plans to identify alternate conceptions of students in the topic 'Adaptations in plants and animals'. Which of the following sets of strategies is best suited for this purpose ?

(1) Project, checklist, drawings

(2) Drawings, checklist, interview

(3) Portfolio, group discussion, diagnostic questionnaire

(4) Diagnostic questionnaire, interview, drawings

कक्षा VII का एक शिक्षक "पादपों और जीव-जंतुओं में अनुकूलन" विषय पर विद्यार्थियों की वैकल्पिक अवधारणाओं की पहचान करने की योजना बनाता है। इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित रणनीतियों के समुच्चय में से कौन-सा सर्वाधिक उपयुक्त है?

(1) प्रायोजना (परियोजना), जाँच-सूची, आरेखण (चित्रांकन)

(2) आरेखण (चित्रांकन), जाँच-सूची, साक्षात्कार

(3) पोर्टफोलिओ (पत्राधान), सामूहिक परिचर्चा, नैदानिक प्रश्नावली

(4) नैदानिक प्रश्नावली, साक्षात्कार, आरेखण (चित्रांकन)

83. Which of the following is **not** caused due to excessive use of fertilizer and pesticides ?

(1) Bio-magnification (2) Soil erosion

(3) Nitrification (4) Eutrophication

उर्वरकों एवं कीटनाशकों का अति प्रयोग के कारण निम्नलिखित में से कौन सा **नहीं** होता है?

(1) जैव आवर्धन (2) मृदा अपरदन

(3) नाइट्रीकरण (4) सुपोषण

84. Identify the mirrors on the basis of information given in the following table :

| **Mirror** | **Nature of image** | **Size of image** |
|---|---|---|
| A | virtual and erect | same as object |
| B | real and inverted | same as object |
| C | real and inverted | enlarged |
| D | virtual and erect | diminished |

(1) A - Concave, B - Plane, C - Convex, D - Concave
(2) A - Plane, B - Convex, C - Concave, D - Convex
(3) A - Convex, B - Concave, C - Convex, D - Concave
(4) A - Plane mirror, B - Concave, C - Concave, D - Convex

निम्नलिखित सारणी में दी गई सूचना के आधार पर दर्पणों की पहचान कीजिए :

| **दर्पण** | **प्रतिबिम्ब की प्रकृति** | **प्रतिबिम्ब का आकार** |
|---|---|---|
| A | आभासी और ऊर्ध्वशीर्षी | वस्तु के समानुरूप |
| B | वास्तविक और प्रतिलोमित | वस्तु के समानुरूप |
| C | वास्तविक और प्रतिलोमित | विवर्द्धित |
| D | आभासी और ऊर्ध्वशीर्षी | आकार में छोटी |

(1) A - अवतल, B - समतल, C - अवमुख, D - अवतल
(2) A - समतल, B - अवमुख, C - अवतल, D - अवमुख
(3) A - अवमुख, B - अवतल, C - अवमुख, D - अवतल
(4) A - समतल, B - अवतल, C - अवतल, D - अवमुख

85. Sunita drops a piece of potassium metal in a beaker of cold water and notes down the observations. Which of the following observation is **not** correct ?
(1) Pop sound is heard.
(2) Potassium reacts violently with water.
(3) It is endothermic reaction.
(4) Hydrogen gas is evolved.

सुनीता शीतजल के बीकर में पोटैशियम धातु का एक टुकड़ा डाल देती है तथा अवलोकनों को लिखती है। निम्नलिखित में से कौन सा अवलोकन सही **नहीं** है ?
(1) फट ध्वनि सुनाई देती है।
(2) पोटैशियम जल के साथ प्रचंड रूप से अभिक्रिया करता है।
(3) यह ऊष्माशोषी अभिक्रिया है।
(4) हाइड्रोजन गैस विकसित होती है।

86. Read the following statements and choose the **correct** option :

S1 - Photosynthesis is endothermic reaction.

S2 - Respiration is exothermic reaction.

(1) S1 is false and S2 is true. (2) Both S1 and S2 are true.

(3) Both S1 and S2 are false. (4) S1 is true and S2 is false.

नीचे दिए कथनों को पढ़िए और **सही** उत्तर का चुनाव कीजिए :

S1 - प्रकाश संश्लेषण ऊष्माशोषी अभिक्रिया है।

S2 - श्वसन ऊष्माक्षेपी अभिक्रिया है।

(1) S1 गलत है और S2 सही है। (2) S1 और S2 दोनों सही हैं।

(3) S1 और S2 दोनों गलत हैं। (4) S1 सही है और S2 गलत है।

87. Which of the following statements is/are true regarding Rainwater harvesting ?

(a) It conserves ground water.

(b) It reduces local flooding.

(c) It creates drainage problems.

(d) It can be used for irrigation of crops.

(1) (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन वर्षा-जल संरक्षण के बारे में सही है/हैं ?

(a) यह भू-जल का संरक्षण करता है।

(b) यह स्थानीय आप्लावन को कम करता है।

(c) यह जल निकास संबंधी समस्याओं को उत्पन्न करता है।

(d) इसका उपयोग फसलों की सिंचाई के लिए किया जा सकता है।

(1) (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

88. Which of the following activities is best suited to develop inductive reasoning ?

(1) solve numerical problems based on law of reflection

(2) asking students to state laws of reflection

(3) asking students to measure angle of reflection for various cases of angle of incidence in a plane mirror

(4) verify laws of reflection experimentally

निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि आगमिक विवेचन के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(1) परावर्तन के नियम पर आधारित संख्या विषयक (संख्यात्मक) समस्याओं को हल करना

(2) विद्यार्थियों को परावर्तन के नियम बताने के लिए कहना

(3) विद्यार्थियों को समतल दर्पण में आपतन-कोण के विभिन्न मापों के लिए परावर्तन-कोण मापने के लिए कहना

(4) प्रयोगात्मक रूप से परावर्तन के नियमों को सत्यापित करना

89. Two sperms of a man fuse with two eggs of a woman. The twins formed are :

(1) always conjoint
(2) identical
(3) fraternal
(4) may be identical or fraternal

पुरुष के दो शुक्राणु स्त्री के दो अंडों (अंड) के साथ मिलते हैं। बनने वाले जुड़वाँ होते हैं :

(1) सदैव संयुक्त
(2) समरूप
(3) भ्रात्रीय
(4) समरूप अथवा भ्रात्रीय हो सकते हैं

90. Which of the following statement is **not** true regarding conduction of heat ?

(1) All materials do not allow heat to flow through them in same way.

(2) Conduction is faster in solids than liquids.

(3) Two objects should be in contact with each other for heat flow.

(4) Conduction does not take place in gases.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन ताप के चालन के बारे में सही **नहीं** है ?

(1) सभी पदार्थ (सामग्रियाँ) ऊष्मा को स्वयं से समान प्रकार से प्रवाहित होने की अनुमति नहीं देते/देती हैं।

(2) द्रवों की तुलना में ठोस वस्तुओं में चालन तीव्र होता है।

(3) ऊष्मा के प्रवाह के लिए दो वस्तुओं को एक-दूसरे के संपर्क में होना चाहिए।

(4) गैसों में चालन नहीं होता है।

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण :**
***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).***
***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।***

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE - सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* **correct/most appropriate** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**31.** Match the following columns and choose the appropriate option :

| | Sphere of the Earth | | Feature |
|---|---|---|---|
| (a) | Lithosphere | (i) | Plant and Animal Kingdom |
| (b) | Hydrosphere | (ii) | Made up of rocks and minerals |
| (c) | Atmosphere | (iii) | Various sources of water |
| (d) | Biosphere | (iv) | Thin layer of Air |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(3) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

निम्नलिखित में से सही जोडियों का मिलान कीजिए :

| | पृथ्वी के मंडल | | विशेषता |
|---|---|---|---|
| (a) | स्थलमंडल | (i) | पादप एवं जीव-जंतु |
| (b) | जलमंडल | (ii) | चट्टानों एवं खनिजों से बना हुआ |
| (c) | वायुमंडल | (iii) | जल के विभिन्न स्रोत |
| (d) | जैवमंडल | (iv) | वायु की पतली परत |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(2) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(3) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

32. Which of the following statements is/are true about technological development in temple construction from the twelfth century ?

(a) The weight of the superstructure was carried by the shikhara.

(b) Sandstone mixed with stone chips was increasingly used in construction.

Choose the **correct** option :

(1) Both (a) and (b) are incorrect
(2) Only (a) is correct
(3) Only (b) is correct
(4) Both (a) and (b) are correct

निम्नलिखित में से कौन सा कथन बारहवीं सदी की मंदिर निर्माण में प्रयुक्त शिल्प विज्ञान तकनीक के विकास के बारे में सही है?

(a) अधिरचना का भार शिखरों पर डाल दिया जाता था।

(b) निर्माण में बलुआ-पत्थर व पत्थर के छोटे टुकड़ों के मिश्रण का तेजी से प्रयोग होने लगा।

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) (a) और (b) दोनों सही नहीं हैं
(2) केवल (a) सही है
(3) केवल (b) सही है
(4) (a) और (b) दोनों सही हैं

33. Match the following concepts in **Column - I** with their examples in **Column - II** and choose the appropriate option :

| | **Column - I Concepts** | | **Column - II Examples** |
|---|---|---|---|
| (a) | Discrimination | (i) | Differential pay for same work |
| (b) | Inequality | (ii) | Villagers are superstitious |
| (c) | Stereotype | (iii) | Woman not allowed to be hired since she is starting a family |
| (d) | Prejudice | (iv) | Girls are good at cooking |

(1) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)
(2) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

**स्तंभ** - **I** की निम्नलिखित संकल्पनाओं को **स्तंभ** - **II** में दिए गए उनके उदाहरणों से सुमेलित कीजिए और उपयुक्त विकल्प चुनिये :

| | **स्तंभ - I संकल्पनाएँ** | | **स्तंभ - II उदाहरण** |
|---|---|---|---|
| (a) | भेदभाव | (i) | समान कार्य के लिए अलग वेतन |
| (b) | असमानता | (ii) | ग्रामवासी अंधविश्वासी हैं |
| (c) | रूढ़िवादिता | (iii) | महिला को रोजगार की अनुमति नहीं है क्योंकि वह परिवार शुरू कर रही है/वह गर्भवती है |
| (d) | पूर्वधारणा | (iv) | लड़कियाँ खाना बनाने/भोजन पकाने में अच्छी हैं |

(1) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(ii)
(2) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)
(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

**34.** Which one of the following is **not** correct for grama-bhojaka ?

(1) He did not function as a Judge and policeman.

(2) Usually, men from the same family held the position for generations.

(3) He had slaves and hired workers to cultivate the land.

(4) The king often used him to collect taxes from the village.

निम्नलिखित में से कौन सा ग्राम-भोजक के लिए सही **नहीं** है ?

(1) ये न्यायाधीश और पुलिस का काम नहीं करते थे।

(2) अक्सर एक ही परिवार के लोग इस पद पर कई पीढ़ियों तक बने रहते थे।

(3) इनकी जमीन पर इनके दास और मजदूर काम करते थे।

(4) गाँव का कर वसूलने का काम राजा अक्सर इन्हें ही सौंप देते थे।

**35.** The Mughal revenue system with its own schedule of revenue rates for individual crop was called :

(1) Iqta (2) Jagir (3) Zabt (4) Zat

मुग़ल राजस्व व्यवस्था जिसमें हर फ़सल के लिए राजस्व दर की अलग सूची बनाई गई उसे कहते हैं :

(1) इक्ता (2) जागीर (3) ज़ब्त (4) ज़ात

**36.** The category 'erstwhile princely states' was applicable :

(1) to none as no such category existed in India.

(2) at the time of Independence around 1947-48 only.

(3) between 1947-48 and 1956 when they were recognised as administrative units

(4) in the post-1956 when they were no longer retained as administrative units.

'भूतपूर्व रियासत' श्रेणी लागू थी :

(1) किसी पर भी नहीं क्योंकि भारत में ऐसी कोई श्रेणी विद्यमान नहीं थी।

(2) स्वतंत्रता के समय केवल 1947-48 के आस पास।

(3) 1947-48 और 1956 के बीच जब उन्हें प्रशासनिक इकाइयों के रूप में मान्यता मिली।

(4) 1956 के बाद जब उन्हें प्रशासनिक इकाइयों के रूप में सुरक्षित नहीं रखा गया।

37. The Indian National Congress in the early years raised a number of economic issues against the British. Choose the **correct** option.

(i) The Congress declared that the British rule had led to poverty and famines.
(ii) It demanded reduction of revenue and cut in military expenditure.
(iii) Congress demanded more funds for irrigation.
(iv) It raised the voice against entertainment tax.

(1) Only (ii), (iii) and (iv) are correct (2) Only (i) and (ii) are correct
(3) Only (ii) and (iii) are correct (4) Only (i), (ii) and (iii) are correct

आरंभिक वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ बहुत सारे आर्थिक मुद्दे उठाए। **सही** उत्तर का चुनाव करें।

(i) कांग्रेस का कहना था कि भारत में ब्रिटिश शासन के वजह से ही गरीबी और अकाल पड़ रहे हैं।
(ii) इसने माँग की, कि लगान कम किया जाय तथा फौजी खर्चों में कटौती की जाय।
(iii) इसने सिंचाई के लिए अधिक अनुदान की माँग की।
(iv) इसने मनोरंजन कर के खिलाफ आवाज़ उठायी।

(1) केवल (ii), (iii) एवं (iv) सही हैं। (2) केवल (i) एवं (ii) सही हैं।
(3) केवल (ii) एवं (iii) सही हैं। (4) केवल (i), (ii) एवं (iii) सही हैं।

38. Who coined the phrase, 'Unity in Diversity' ?

(1) Sardar Vallabh Bhai Patel (2) Pt. Jawaharlal Nehru
(3) Mohandas Karamchand Gandhi (4) Subhash Chandra Bose

'विविधता में एकता' मुहावरा किसने दिया ?

(1) सरदार वल्लभभाई पटेल ने (2) पंडित जवाहरलाल नेहरू ने
(3) मोहनदास करमचन्द गाँधी ने (4) सुभाष चंद्र बोस ने

39. Which of the following is true about Ashoka's *dhamma* ?

(a) It did not involve worship of a god.
(b) It did not involve performance of a sacrifice.
(c) The ideas of *dhamma* were inspired by the teachings of Buddha.
(d) Ashoka appointed Buddhist monks to teach people about *dhamma*.

Choose the **correct** option :

(1) Only (a), (b) and (c) (2) All (a), (b), (c) and (d)
(3) Only (a) and (b) (4) Only (b) and (c)

निम्नलिखित में से कौन सा कथन अशोक के *धम्म* के विषय में सही है ?

(a) इसमें किसी देवता की पूजा की आवश्यकता नहीं थी।
(b) इसमें किसी बली कर्मकांड की आवश्यकता नहीं थी।
(c) *धम्म* के विचार बुद्ध के उपदेशों से प्रेरित थे।
(d) लोगों को *धम्म* की शिक्षा देने के लिए अशोक ने बौद्ध भिक्षुओं की नियुक्ति की।

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) केवल (a), (b) तथा (c) (2) (a), (b), (c) तथा (d) सभी
(3) केवल (a) तथा (b) (4) केवल (b) तथा (c)

40. Below are two statements **(A)** and **(B)** in the context of Shri Narayan Guru.

**(A)** He advocated equality of all within a single sect or caste.

**(B)** He inspired all of them to have faith in all gurus.

Choose the **correct** option :

(1) **(A)** is false but **(B)** is true
(2) Both **(A)** and **(B)** are true
(3) Both **(A)** and **(B)** are false
(4) **(A)** is true but **(B)** is false

नीचे दो कथन **(A)** और **(B)** श्री नारायण गुरु के संदर्भ में हैं।

**(A)** उनके अनुसार सारी मानवता की एक ही जाति है।

**(B)** उन्होंने सभी को सभी गुरुओं में विश्वास रखने के लिए प्रेरित किया।

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) **(A)** गलत है लेकिन **(B)** सही है
(2) **(A)** और **(B)** दोनों सही हैं
(3) **(A)** और **(B)** दोनों गलत हैं
(4) **(A)** सही है लेकिन **(B)** गलत है

41. Match the following in the context of people and objects in ancient times and choose the appropriate option.

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (a) | Barygaza | (i) | Stamped red-glazed pottery |
| (b) | Shrenis | (ii) | Bharuch |
| (c) | Arretine ware | (iii) | Independent farmers |
| (d) | Grihapatis | (iv) | Associations of crafts persons and merchants |

(1) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)
(2) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
(3) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

अतीत में व्यक्तियों व वस्तुओं के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए और उपयुक्त विकल्प का चुनाव कीजिए।

| | A | | B |
|---|---|---|---|
| (a) | बेरिगाज़ा | (i) | मुहर लगे लाल-चमकदार बर्तन |
| (b) | श्रेणी | (ii) | भरूच |
| (c) | एरेटाइन पात्र | (iii) | स्वतंत्र कृषक |
| (d) | गृहपति | (iv) | शिल्पकारों तथा व्यापारियों के संघ |

(1) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)
(2) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
(3) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(4) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

**42.** Consider the following sentences **(A)** and **(B)** about motions of the Earth and choose the correct option :

**(A)** Rotation is the movement of the earth on its axis.

**(B)** The axis of the Earth which is an imaginary line, makes an angle of $33\frac{1}{2}^\circ$ with its orbital plane.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(B)** are incorrect
(2) Only **(A)** is correct
(3) Only **(B)** is correct
(4) Both **(A)** and **(B)** are correct

पृथ्वी की गतियों के बारे में दिए गए निम्नलिखित कथनों **(A)** तथा **(B)** पर विचार करें तथा सही विकल्प का चुनाव करें।

**(A)** पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना घूर्णन कहलाता है।

**(B)** पृथ्वी का अक्ष एक काल्पनिक रेखा है, जो अपनी कक्षीय सतह से $33\frac{1}{2}^\circ$, का कोण बनाती है।

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) दोनों **(A)** तथा **(B)** गलत हैं
(2) केवल **(A)** सही है
(3) केवल **(B)** सही है
(4) दोनों **(A)** तथा **(B)** सही हैं

**43.** Consider the statements **(A)** and **(B)** about Paramountcy and choose the correct answer :

**(A)** The Company claimed that its authority was not supreme.

**(B)** In order to protect Company interests it was justified in annexing or threatening to annexe any Indian Kingdom.

(1) **(A)** is false but **(B)** is true
(2) Both **(A)** and **(B)** are true
(3) Both **(A)** and **(B)** are false
(4) **(A)** is true but **(B)** is false

**(A)** और **(B)** कथनों पर सर्वोच्चता के संदर्भ में विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।

**(A)** कंपनी ने दावा किया कि उसका अधिकार सर्वोच्च नहीं था।

**(B)** अपने हितों की रक्षा के लिए वह भारतीय रियासतों का अधिग्रहण करने या उनको अधिग्रहण की धमकी देने का अधिकार कंपनी अपने पास मानती थी।

(1) **(A)** गलत है लेकिन **(B)** सही है।
(2) **(A)** और **(B)** दोनों सही हैं।
(3) **(A)** और **(B)** दोनों गलत हैं।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(B)** गलत है।

**44.** Which of the following statements are correct about Amazon basin ?

(a) This region is characterized by hot and wet climate throughout the year.

(b) People practice 'slash and burn' agriculture.

(c) People mainly grow paddy.

(d) Aircrafts and helicopters are also used for reaching various places in the basin.

Choose the **correct** option :

(1) Only (a), (b) and (d) (2) Only (a), (b) and (c)

(3) Only (b), (c) and (d) (4) Only (a), (c) and (d)

अमेजन बेसिन के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

(a) पूरे वर्ष यहाँ गर्म और नम जलवायु रहती है।

(b) यहाँ लोग 'कर्तन व दहन' कृषि करते हैं।

(c) लोग मुख्यत: धान उगाते हैं।

(d) बेसिन में कई स्थानों तक पहुँचने के लिए हवाईजहाजों तथा हेलीकॉप्टरों का भी प्रयोग किया जाता है।

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) केवल (a), (b) तथा (d) (2) केवल (a), (b) तथा (c)

(3) केवल (b), (c) तथा (d) (4) केवल (a), (c) तथा (d)

**45.** Choose the measures to control soil erosion and depletion from the following.

(a) Mulching (b) Over grazing

(c) Terrace farming (d) Inter cropping

Choose the **correct** option :

(1) (b), (c), (d) only (2) (a), (b), (c) only

(3) (a), (c), (d) only (4) (a), (b), (d) only

निम्नलिखित में से मृदा अपरदन और क्षीणता को नियंत्रित करने के उपायों का चयन कीजिए।

(a) मल्च बनाना (b) अति चराई

(c) वेदिका फार्म (d) बीच की फसल उगाना

**सही** विकल्प का चयन करें।

(1) केवल (b), (c), (d) (2) केवल (a), (b), (c)

(3) केवल (a), (c), (d) (4) केवल (a), (b), (d)

**46.** The rocks that were formed 300 million years after the earth was formed, is :

(1) located in the Himalayan region

(2) considered as youngest rocks in the world

(3) located in Western Australia

(4) located in Eastern Europe

पृथ्वी की शैलें वे शैलें, जो पृथ्वी के निर्माण के 30 करोड़ वर्ष पश्चात् बने, हैं :

(1) हिमालय क्षेत्र में स्थित हैं

(2) विश्व की नवीनतम शैलें मानी जाती हैं

(3) पश्चिमी आस्ट्रेलिया में स्थित हैं

(4) पूर्वी यूरोप में स्थित हैं

**47.** The opening time of Central Government Offices in India is 9:00 a.m. IST, what will be the local time of opening of the Central Government Offices located at 80° East Longitude near Chennai and 92°45' East Longitude near Itanagar, respectively :

(1) 09:41 a.m. and 08:50 a.m. respectively

(2) 09:10 a.m. and 08:19 a.m. respectively

(3) 08:19 a.m. and 09:10 a.m. respectively

(4) 08:50 a.m. and 09:41 a.m. respectively

भारत में केन्द्रीय सरकार कार्यालयों के खुलने का समय सुबह के 9:00 बजे IST (भारतीय मानक समय) है, तो चेन्नई के पास क्रमश: 80° पूर्व देशांतर तथा इटानगर के पास 92°45' पूर्व देशांतर के पास स्थित केंद्रीय सरकार कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय क्रमश: क्या होगा ?

(1) क्रमश: सुबह के 09:41 बजे तथा सुबह के 08:50 बजे

(2) क्रमश: सुबह के 09:10 बजे तथा सुबह के 08:19 बजे

(3) क्रमश: सुबह के 08:19 बजे तथा सुबह के 09:10 बजे

(4) क्रमश: सुबह के 08:50 बजे तथा सुबह के 09:41 बजे

**48.** Consider the two given statements **(A)** and **(R)** and choose the appropriate option :

**(A)** : Those places West of Greenwich will be behind of Greenwich time.

**(R)** : The Earth rotates from east to west and sun rises early in eastern side.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(4) **(A)** is true and **(R)** is false

दिए गए कथनों **(A)** तथा **(R)** पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चुनाव कीजिए।

**(A)** : जो स्थान ग्रीनिच के पश्चिम में हैं, उनका समय ग्रीनिच से पीछे रहेगा।

**(R)** : पृथ्वी पूर्व से पश्चिम की ओर चक्कर लगाती है तथा सूर्य पूर्व दिशा में जल्दी उगता है।

(1) दोनों **(A)** तथा **(R)** गलत हैं।

(2) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(3) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं किन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(4) using prior knowledge of the subject

**109.** Which of the following statements is NOT true about languages in India ?
(1) Hindi is the lingua franca of the Indian sub-continent.
(2) According to the Indian Constitution, English is an Associate Official Language.
(3) According to the list of Eighth schedule of the Constitution of India, there are 22 languages.
(4) Sanskrit is a Modern Indian Language.

**110.** Which skill of language is known as receptive skills ?
(1) Listening and Reading (2) Listening and Speaking
(3) Speaking and Writing (4) Reading and Writing

**111.** A language teacher brings everyday objects such as newspapers, menu cards and train tickets to teach the students of class V. What is she doing to make learning happen ?
(1) She is creating awareness in the students.
(2) She is using authentic materials to make her teaching more realistic and useful.
(3) She is trying to help her students to learn multiple languages.
(4) She wants her students to learn English through real life like situations.

**112.** In a language class, students form groups under the guidance of a teacher and present an advertisement on a given topic. Learning a language in this way is called __________.

(1) Guidance and counseling (2) Collaborative learning
(3) Competition and rivalry (4) Language games

**113.** Which school of learning believed that language, whether verbal or non-verbal, takes place through the process of habit formation ?

(1) Interactionalist (2) Functionalist
(3) Behaviourist (4) Cognitivist

**114.** A teacher gives a task to familiarise the learners with the vocabulary used in restaurants. What among the following should be objective of the lesson ?

(1) To develop critical thinking
(2) To acquaint the learner with the lexical items
(3) To familiarise with the grammatical items
(4) To introduce the text about a holiday destination

**115.** Multilingualism in India intends teachers to understand :

(1) language, identity and culture are separate entities
(2) communication happens, and social cohesion is maintained
(3) minority languages should be clubbed with dominant languages
(4) 'a language' policy should be framed in a diverse society

**116.** The time and place of the story are called the __________.

(1) Climax (2) Theme (3) Setting (4) Plot

**117.** The impact of tests and assessments on teachers, learners, and materials is called __________.

(1) Reinforcement (2) Corpus effect
(3) Washback effect (4) Classroom effect

**118.** In a language class, a teacher asks a group of students to act as purchasers, property sellers, landlords and tenants while other students are asked to watch them and enjoy their conversation. This activity is called __________.

(1) Guidance (2) Roleplay (3) Drama (4) Acting class

**119.** Linguistic function such as intonation, tone, stress, and rhythm are known as :

(1) Pragmatics (2) Poetry (3) Prosody (4) Phonetics

**120.** Which of the following is NOT an important factor in planning a listening lesson ?

(1) Number of speakers. (2) Pausing the recording.
(3) Speed of delivery. (4) Gender of speakers.

## भाग - IV
## भाषा - I : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 91-99) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

साहित्य सदैव समाज को निरंतरता प्रदान करता है। यह साहित्य और समाज का गहरा संबंध ही है कि साहित्य में समाज के विशृंखलित होते सिद्धांतों और टूटते-बिखरते मूल्यों की चिंता बराबर बनी रहती है। वही साहित्य कालों के बंधन को तोड़कर, उसकी सीमाओं से परे जाकर कालजयी बन पाता है, जिसमें मानवीय सत्य की व्याख्या हो और संवेदनाओं के सहारे आस्था जगाने का प्रयास हो। समय-समय पर साहित्यकारों ने समाज के बदतर होने की स्थिति को पहचाना है। कुछ रचनाकार हमारे साहित्य पटल पर ऐसी गहरी छाप छोड़ जाते हैं, जिनकी आवश्यकता हर युग में बनी रहती है, जिनके विचार सदैव तरोताज़ा ही रहते हैं और जिनकी रचनाएँ समाज को दीप्त करने का दायित्व निभाती चलती हैं। उनका साहित्यकार व्यक्तित्व केवल समस्याओं को ही नहीं परखता बल्कि मनुष्यता में विश्वास को बचाए रखने की कोशिश करता है।

**91.** गद्यांश के अनुसार साहित्य में किस तरह की चिंता झलकती है?
(1) सामाजिक विघटन की
(2) समाज के आधुनिक होने की
(3) मूल्यों के बिखरने की
(4) नए सिद्धान्तों के बनने की

**92.** किस तरह के साहित्यकारों की आवश्यकता हर युग में बनी रहती है?
(1) जो समाज का विकास करते हैं।
(2) जो समाज को जागरूक करते हैं।
(3) जो समाज का मनोरंजन करते हैं।
(4) जो समाज को नैतिक बनाते हैं।

**93.** 'विशृंखलित' में प्रत्यय है :
(1) खलित
(2) लित
(3) त
(4) इत

**94.** 'समाज के <u>बदतर</u> होने की स्थिति' वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है :
(1) दुराचारी
(2) अभिमानी
(3) बेईमानी
(4) अत्यधिक बुरा

**95.** 'कालजयी' से तात्पर्य है :
(1) अल्प काल तक रहने वाला।
(2) जो काल विशेष में बँधा हुआ हो।
(3) हर काल में प्रासंगिक हो।
(4) काल विशेष की सही व्याख्या करता हो।

**96.** 'विश्वास' शब्द का अर्थ है :
(1) निश्चित धारणा
(2) विश्वमय
(3) विश्व से संबंधित नियम
(4) तत्वज्ञान संबंधी

**97.** साहित्यकारों ने समाज की किस स्थिति की पहचान करने का प्रयास किया है?
(1) बिखरता हुआ समाज
(2) विकास की ओर अग्रसर समाज
(3) पतन की ओर जाता हुआ समाज
(4) उन्नतशील समाज

**98.** कौन-सा साहित्य कालजयी साहित्य बन पाता है?

(1) जो बिखरते सिद्धान्तों की चिंता करे। (2) जो पाठकों का मनोरंजन करे।

(3) जो समाज का दर्पण हो। (4) जो मानवीय सत्य की व्याख्या करे।

**99.** समाज को गति कौन प्रदान करता है?

(1) साहित्य (2) विज्ञान (3) तकनीकी विकास (4) शिक्षा

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 100-105) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

दिवसावसान का समय,
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या सुंदरी परी-सी
धीरे-धीरे-धीरे।
तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास,
मधुर मधुर हैं दोनों उसके अधर-
किंतु जरा गंभीर नहीं है उनमें हास-विलास
हँसता है तो केवल तारा एक
गुँथा हुआ उन घुँघराले काले-काले बालों से
हृदयराज की रानी का वह करता है अभिषेक।

**100.** पद्यांश में किस अलंकार का प्रयोग अधिक मुखरित है?

(1) मानवीकरण (2) अतिशयोक्ति (3) अनुप्रास (4) यमक

**101.** किसके हँसने की बात की गई है?

(1) आकाश (2) मेघ (3) तारा (4) संध्या

**102.** पद्यांश में किस का चित्रण हुआ है?

(1) प्रेमभाव का (2) प्रकृति का (3) नवचेतना का (4) वेदना का

**103.** संध्या सुंदरी किस तरह के आकाश से उतर रही है?

(1) सूर्य लालिमा से भरे आकाश से (2) तारों भरे आकाश से

(3) बादलों से भरे आकाश से (4) चंद्रमा की रोशनी से भरे आकाश से

**104.** 'हृदयराज की रानी' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(1) तिमिर (2) मेघ (3) आकाश (4) संध्या

**105.** 'दिवसावसान' का संधि विच्छेद है :

(1) दिवस+आवसान (2) दिवस+अवसान (3) दिवा+अवसान (4) दिवसा+वसान

**106.** विद्यालयों को योगात्मक द्विभाषावाद का अनुसरण करना चाहिए क्योंकि यह __________।

(1) प्रथम भाषा के विकास में अवरोध पैदा करता है

(2) बच्चे की संस्कृति और भाषा को महत्व देता है

(3) अंग्रेजी शिक्षण को द्वितीय भाषा के रूप में महत्व देता है

(4) बच्चे की भाषा को तो समुन्नत करता है परन्तु उनकी संस्कृति को नहीं

**107.** **कॉलम A** में भाषा शिक्षण विधियाँ हैं और **कॉलम B** में उनकी समझ या संबंधित गतिविधियाँ है, मिलान करें।

| **कॉलम A** | | **कॉलम B** | |
|---|---|---|---|
| (a) | सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण | (i) | सामाजिक रूप से स्वीकृत और संदर्भ के अनुरूप भाषा |
| (b) | प्रत्यक्ष विधि | (ii) | मौन पठन |
| (c) | व्याकरण अनुवाद | (iii) | लिखित साहित्यिक सामग्री |
| (d) | वैस्ट (West's) की नवीन विधि | (iv) | व्याकरण को आगमनात्मक तरीके से पढ़ाना |

(1) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(2) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(ii)
(3) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(4) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

**108.** श्रवण में क्या शामिल है?

(1) ध्वनियों की पहचान करना और उनसे अर्थ निकालना

(2) ध्वनि सुनना, ध्वनियाँ जैसी हैं, तदनुसार डिकोड करना

(3) विषयवस्तु के बारे में अनुमान लगाना

(4) विषय के पूर्व ज्ञान का इस्तेमाल करना

**109.** भारत में भाषाओं के बारे में कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) हिंदी भारतीय उप महाद्वीप की लोक भाषा (लिंग्वा फ्रांका) है

(2) भारत के संविधान के अनुसार अंग्रेजी सह राजकीय भाषा है

(3) भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार-22 भाषाएँ हैं

(4) संस्कृत आधुनिक भारतीय भाषा है

**110.** भाषा के कौन से कौशल ग्राह्य कौशल हैं?

(1) श्रवण और पठन
(2) श्रवण और बोलना
(3) बोलना और लेखन
(4) पठन और लेखन

**111.** कक्षा पाँच की भाषा अध्यापक अपनी कक्षा में भाषा शिक्षण के लिए प्रतिदिन अनेक प्रकार की सामग्री जैसे कि समाचारपत्र, भोजन तालिका और रेल यात्रा के टिकट आदि लाती है। वह अधिगम के लिए क्या कर रही है?

(1) वह विद्यार्थियों में जागरूकता लाना चाहती है।

(2) वह अधिगम को और अधिक वास्तविक तथा उपयोगी बनाने के लिए प्रामाणिक सामग्री का प्रयोग कर रही है।

(3) वह अपने विद्यार्थियों को बहुविध भाषाएँ सीखने में मदद कर रही है।

(4) वह चाहती है कि उसके विद्यार्थी जीवन की वास्तविक स्थितियों से अंग्रेजी सीखें।

**112.** भाषा की कक्षा में विद्यार्थी अध्यापक के निर्देशन में समूह बनाकर दिए गए टॉपिक पर एक विज्ञापन प्रस्तुत करते हैं। इस तरीके से भाषा सीखना क्या कहलाता है?

(1) निर्देशन और परामर्श
(2) सहयोगात्मक अधिगम
(3) प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता
(4) भाषायी खेल

**113.** अधिगम का कौन-सा मत इस बात में विश्वास रखता है कि मौखिक या अमौखिक भाषा आदत निर्माण की प्रक्रिया के माध्यम से आती है?

(1) अन्तःक्रियात्मकवादी
(2) उपयोगितावादी (फंक्शनलिस्ट)
(3) व्यवहारवादी (बिहेवियरिस्ट)
(4) संज्ञानात्मकवादी

**114.** एक अध्यापक ने बच्चों को रेस्टोरैंट से जुड़ी शब्दसंपदा से परिचित कराने वाला काम दिया। इस पाठ का क्या उद्देश्य होना चाहिए?

(1) समालोचनात्मक चिंतन विकसित करना
(2) शिक्षार्थियों को कोश विषयक सामग्री से परिचित करवाना
(3) व्याकरणिक सामग्री से परिचित करवाना
(4) अवकाश के दौरान कहीं जाने से संबंधित पाठ्य सामग्री से परिचित करवाना

**115.** भारत में बहुभाषावाद के संदर्भ में अध्यापक के लिए क्या समझना ज़रूरी है?

(1) भाषा, अस्मिता और संस्कृति ये भिन्न-भिन्न अस्तित्व रखती हैं
(2) सम्प्रेषण से सामाजिक सम्बद्धता स्थापित होती है
(3) अल्पसंख्यक भाषाओं को प्रभुत्वशाली भाषाओं में मिला देना चाहिए
(4) विविधता भरे समाज में 'एक भाषा' नीति बनानी चाहिए

**116.** किसी भी कहानी का समय और स्थान क्या कहलाता है?

(1) क्लाइमेक्स (अंत) (2) थीम (3) सैटिंग (4) कथानक (प्लॉट)

**117.** अध्यापकों, शिक्षार्थियों और सामग्री पर टैस्ट एवं आकलन का प्रभाव क्या कहलाता है?

(1) पुनर्बलन
(2) विधि प्रभाव (कार्पस इफेक्ट)
(3) भाषा परीक्षण का प्रभाव (वाशबैक इफेक्ट)
(4) कक्षायी प्रभाव

**118.** भाषा की कक्षा में एक अध्यापक ने विद्यार्थियों के एक समूह को ग्राहक, प्रापर्टी डीलर, मकानमालिक और किराएदार का अभिनय करने के लिए कहा और शेष विद्यार्थियों से कहा कि इस अभिनय को देखें और वार्तालाप का आनन्द लें। इस गतिविधि को क्या कहा जाएगा?

(1) निर्देशन
(2) रोलप्ले
(3) ड्रामा
(4) अभिनय की कक्षा

**119.** भाषागत कार्य जैसे स्वरशैली, तान, बलाघात और लय को क्या कहा जाएगा?

(1) प्रशासनिक अध्यादेश (प्रेगमेटिक)
(2) काव्य
(3) छंदशास्त्र
(4) ध्वन्यात्मकता

**120.** किसी श्रवण से जुड़ी गतिविधि की योजना बनाते समय कौन-सा कारक महत्वपूर्ण **नहीं** है?

(1) वक्ताओं की संख्या
(2) रिकार्डिंग को थोड़ा सा रोकना (पॉज़ देना)
(3) बोलने की गति
(4) वक्ताओं का जेन्डर (बोलने वाले महिला हैं या पुरुष)

# PART - V

## LANGUAGE - II : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**Read the passage given below and answer the questions (121-128) that follow :**

1. Chocoholics no longer need to feel guilty about their desire for chocolate. They are simply the victim of the genes, scientists have found. The so called "sweet-tooth gene" has been identified by separate teams of researchers and helps explain why some find it harder to resist chocolate bars and cream cakes. It also raises the possibility of designing a drug which could "switch off" the gene and help people resist sugary foods. Children, in particular, risk their health by eating too many sweets and chocolates.
2. To identify the gene, research teams conducted almost identical experiments using mice which have differences in their ability to taste sweet foods. One of the team members said "A sweet taste receptor recognises the sweet content of food and initiates a cascade of events which signals to the brain that a sweet food has been eaten." He further added, "The same gene exists in humans, so it means that if your parents have a sweet tooth then you probably will as well".
3. He said, "We have always known that some people have a sweeter tooth than others. But it has also been proved that if you are gradually exposed to less sugar, then the body becomes accustomed to less. They will be satisfied with a lower level of sweetness. Doctors warn against any form of gene therapy which seeks to deactivate the sweet gene. "We have produced this gene through evolution because sweet foods in nature are not poisonous, they give us energy. We all need to have some sugar in our diet," claim scientists. US researchers are using this discovery to develop artificial sweeteners without any after-taste.

**121.** Complete the given word analogy :
accustomed : habitual : : initiate : ___?___
(1) hinder (2) halt (3) complicate (4) start off

**122.** 'Chocoholics' are people :
(1) who are makers of chocolates
(2) who hate chocolates
(3) who enjoy both chocolates and alcohol
(4) who are fond of chocolates

**123.** Having a sweet tooth means :
(1) teeth becoming decayed due to sugary food items
(2) buying sweet food items from shops
(3) being fond of sweets and chocolates
(4) teeth being sweet to taste

**124.** The phrase '. . . . initiates a cascade of events', means :
(1) to start a series of occurrences
(2) to put a stop to orderly events
(3) to halt and hinder sequential events
(4) signals given to the brain

**125.** Identify parts of speech of the underlined words in the given sentence :

'Doctors warn against any form of gene therapy which seeks to deactivate the sweet gene'.

(1) conjunction, noun
(2) preposition, adjective
(3) adverb, adjective
(4) preposition, noun

**126.** According to doctors, sweet foods are :

(1) deactivated genes
(2) dangerous
(3) energy boosters
(4) poisonous

**127.** Doctors are not in favour of gene therapy because :

(1) It will enhance sugar levels in the body.
(2) Sweet foods give energy to the body.
(3) It is poisonous.
(4) People will feel guilty after going through it.

**128.** Read the statements given below :

(a) Doctors have favoured gene therapy to control sweet gene.
(b) A sweet taste receptor recognizes the amount of sweetness in food.
(c) Heredity factors have absolutely no role to play in inheriting the sweet gene.

(1) (a), (b) and (c) are all incorrect
(2) (a) and (c) are incorrect, (b) is correct
(3) (a) and (b) are incorrect, (c) is correct
(4) (b) and (c) are incorrect, (a) is correct

**Read the passage given below and answer the questions (129-135) that follow :**

1. Every now and then we would speed through a village lined with waving Tibetan children. Their villages looked wonderful and so inviting that Dorje was not showing any signs of slowing down. Small clusters of single and double storey buildings with walk-in courtyards jostled together in the foothills to gain maximum exposure to the sun. The houses looked solid, built for the harsh environment. Walls are made up of stone to waist height and finished off with mud bricks to the roof. Tin cans lined the window ledges, with the bright orange of marigolds in full bloom livening up the black-and-white of the houses.

2. Branches of trees adorned with colourful prayer flags stood high into the wind from the top of the flat roofs. The auspicious blue, white, red, green and yellow colours of the fabrics stood out against the rich blue of the Tibetan sky. Each prayer flag carries a picture of Lungta, the jewelled dragon horse, who carries the owner's prayers up to the divine every time the flag flaps in the wind.

3. The larger villages have healthy trees, usually willows or poplars which look quite out of place in the generally treeless landscape. Wood is a precious commodity in the highland areas of Tibet and is never wasted. The few shrubs which grow wild on the hillsides are harvested for use as brushwood and each courtyard wall is piled high with sticks gathered from the mountains to get a fire started. The lack of solid fuel in the shape of wood is not a problem for the Tibetans, who have an ingenious wood substitute : yak dung.

**129.** Yak dung is used by the Tibetans as a substitute for :

(1) wood (2) buildings (3) marigolds (4) fire

**130.** Complete the given word analogy :
precious : valuable : : ingenious : __?__
(1) practical (2) theoretical (3) inventive (4) genuine

**131.** Read the following two statements :
**Assertion (A)** : Wood and sticks are piled high against the courtyard walls in the houses
**Reasoning (R)** : Wood is found in abundance across Tibet
(1) **(A)** is correct and **(R)** is the reason for it.
(2) **(A)** is incorrect, but **(R)** is correct
(3) **(A)** is correct and **(R)** is not the reason for it
(4) **(A)** and **(R)** are both incorrect

**132.** Identify the underlined words in the given sentence :
The lack of solid fuel in the shape of wood is not a problem for the Tibetans.
(1) verb, noun (2) noun, adjective
(3) adjective, noun (4) noun, noun

**133.** What aspect of Tibetan houses as described in the passage is incorrect ?
(1) They are solidly built.
(2) Walls are made of mortar and cement.
(3) Tin cans line the window ledges.
(4) Roofs are made of mud bricks.

**134.** The phrase 'courtyards jostling together' implies :
(1) being in close proximity
(2) being very far apart
(3) being in different sizes and dimensions
(4) being one on top of the other

**135.** Why do the willows and poplars look absurd in the landscape ?
(1) The other trees camouflage them.
(2) They are stunted shrubs.
(3) They have minimum branches and leaves.
(4) Because the landscape is generally treeless.

**136.** Creativity in language education is :
(1) classroom material using communicative language teaching.
(2) open-ended classroom tasks which allow for different interpretations and answers.
(3) merging elements from different subjects to understand something.
(4) classroom activity using new methods of teaching.

**137.** Identify the type of email you would write if you were writing to a colleague who is your friend.

(1) Correspondence (2) Informal (3) Formal (4) Business

**138.** India's language in education policy (Three Language Formula) attempts to promote :

(1) Mother-tongue based multilingualism
(2) Multi language education
(3) Monolingual education
(4) Bilingual education with the focus on Hindi

**139.** Assessment done throughout the teaching-learning process to clarify student learning and understanding is called __________.

(1) Assessment as learning (2) Assessment for learning
(3) Assessment of learning (4) Assessment in learning

**140.** In a second language class, a teacher played audio on 'Health is wealth'. He then distributed handouts and asked the students to tick the correct answer from the given option. The objective of the lesson was to enable the learner :

(1) to memorise the lesson on health and wealth
(2) to hear the lesson on health
(3) to engage the learners with a task
(4) to listen, to analyse the ideas

**141.** What is NOT true about errors in language learning ?

(1) Errors help to understand the process of second language acquisition.
(2) Errors hinder the language learning process.
(3) Errors are not always bad and help in learning.
(4) Errors are crucial aspects of the language learning process.

**142.** Rita, a government school teacher, uses visual devices and language games to teach English to class VII students. Which principle of teaching is Rita applying ?

(1) Principle of correlating with life
(2) Principle of natural process
(3) Principle of practice and habit formation
(4) Principle of motivation and interest

**143.** What is NOT true about top-down processing ?

(1) Listeners need to understand every word
(2) Listeners rely on their background knowledge
(3) Listeners make guesses about the intended meaning
(4) Listeners make use of the knowledge of the world

**144.** Using everyday objects to teach language is called __________.

(1) Text (2) Realia

(3) Language games (4) Teaching aid

**145.** Which of the following statements are correct ?

(a) Dyslexia is a reading disorder.

(b) Dysgraphia is a writing disorder.

(c) Dysgraphia is a reading disorder.

(d) Dyslexia is a writing disorder.

(1) Both (c) and (d) are correct (2) Only (a) is correct

(3) Only (b) and (d) are correct (4) Both (a) and (b) are correct

**146.** Which tool is not ideal for formative assessment ?

(1) Class presentation (2) Assignment

(3) Paper pencil test (4) Project

**147.** Learners should be exposed to language, and errors are evidence that learning is taking place is advocated by :

(1) Psychoanalyst (2) Behaviourists (3) Cognitivist (4) Humanist

**148.** Which is a tool that allows for a number of synchronous and asynchronous online teaching opportunities ?

(1) Padlet (2) Textbook (3) Railway ticket (4) Television

**149.** When is International Mother Language Day celebrated ?

(1) $13^{th}$ April (2) $1^{st}$ January (3) $14^{th}$ February (4) $21^{st}$ February

**150.** What is a short story which has animals as the main characters and teaches an explicit moral called ?

(1) Travelogue (2) Fantasy (3) Fable (4) Science Fiction

## भाग - V

## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**निर्देश : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121-128) के सबसे उपयुक्त वाले विकल्प को चुनिए :**

ज़िंदगी की सबसे बड़ी सिफ़त हिम्मत है। व्यक्ति के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से ही पैदा होते हैं । कुछ लोग ऐसी गोधूलि में बसते हैं जहाँ न तो जीत हँसती है और न कभी हार के रोने की आवाज़ सुनाई पड़ती है। साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी होती है। ऐसी ज़िंदगी की पहचान यह है कि वह बिलकुल निडर, बिलकुल बेख़ौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। ज़िंदगी के उस पन्ने को उलटकर पढ़ना चाहिए जिसके सभी अक्षर फूलों से नहीं, कुछ अंगारों से भी लिखे गए हों।

**121.** 'गोधूलि' से तात्पर्य है :

(1) संध्या वेला (2) रात्रि वेला (3) प्रभात वेला (4) मध्य रात्रि

**122.** गोधूलि में बसने वाले लोगों से अभिप्राय है :

(1) जीवन में परिश्रम करने वाले लोग। (2) विवशता और अभाव में जीने वाले लोग।

(3) जय-पराजय के अनुभव से परे लोग। (4) फल की कामना न करने वाले लोग।

**123.** 'सिफ़त' का अर्थ है :

(1) अनुभव (2) उद्देश्य (3) स्वीकृति (4) विशेषता

**124.** ज़िंदगी के किस तरह के पन्ने को पढ़ने की बात कही गई है?

(1) जिसमें फूलों की सुगंध हो। (2) जिसमें चुनौतियाँ हों।

(3) जिसमें सुख ही सुख हों। (4) जिसमें असफलताएँ हों।

**125.** 'निडर' में प्रयुक्त उपसर्ग 'नि' की अर्थगत विशेषता है :

(1) सहित (2) अधिकता (3) अभाव (4) रहित

**126.** किस गुण के होने से व्यक्ति के और बाकी गुण स्वत: पैदा होते हैं?

(1) निष्कपट (2) नेतृत्व (3) साहस (4) संतोष

**127.** 'अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना' से क्या अभिप्राय है?

(1) सबका हित देखना। (2) अपने दाएँ-बाएँ देखकर चलना।

(3) अपने पड़ोसियों का ध्यान रखना। (4) दूसरों के अनुसार ज़िंदगी जीना।

**128.** साहसी मनुष्य की सबसे पहली पहचान क्या है?

(1) लोगों के सोच की परवाह नहीं करता है।
(2) वह सदा आगे बढ़ता जाता है।
(3) बहुत निडर होता है।
(4) बाधाओं से नहीं घबराता है।

**निर्देश : नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 129-135) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

मनुष्य के आनंद की सहज अभिव्यक्ति है संगीत। संगीत जीवन की अनमोल धरोहर है। संगीत प्रकृति प्रदत्त कला है। ललित कलाओं में संगीतकला को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। संगीत वह ललित कला है जिसमें हम अपने मन की भावनाओं को स्वर और लय के माध्यम से प्रकट करते हैं। प्रत्येक कला भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है। संगीत एक सार्वभौमिक कला है। संगीत का जन्म आनंद से होता है और हमारे लिए आनंद का सृजन भी संगीत करता है। संगीत के आनंद को पाने के लिए सुनने की कला विकसित करनी पड़ती है। संगीत केवल हमारा मनोरंजन ही नहीं करता अपितु हमें संस्कारित भी करता है। संगीत हमारे भीतर की अच्छाई को उद्वेलित करता है।

**129.** संगीत हमें किस प्रकार से संस्कारित करता है?

(1) हमारे मन की अच्छाई को सामने लाकर के।
(2) हमारा मनोरंजन करके।
(3) अभिव्यक्ति का माध्यम बनके।
(4) हमें आनंदित करके।

**130.** 'सार्वभौमिक' का अर्थ है :

(1) संपूर्ण जगत में व्याप्त।
(2) सभी धर्मों में व्याप्त।
(3) समान भाव से व्याप्त।
(4) स्वदेश में व्याप्त।

**131.** संगीत के आनंद की प्राप्ति के लिए क्या आवश्यक है?

(1) संगीतज्ञ से पहचान करनी चाहिए।
(2) सुरीला कंठ होना चाहिए।
(3) सुनने की कला विकसित करनी चाहिए।
(4) संगीत का ज्ञान होना चाहिए।

**132.** 'सर्वोच्च' का संधि विच्छेद है :

(1) सर्व+ऊच्च
(2) सर्व+उच्च
(3) स+र्वोच्च
(4) सर्वो+उच्च

**133.** प्रस्तुत गद्यांश में किस कला की बात की गई है?

(1) नाटक
(2) नृत्य
(3) स्थापत्य
(4) संगीत

**134.** संगीत को जीवन की अनमोल धरोहर कहा गया है, क्योंकि :

(1) यह सर्वसुलभ है।
(2) यह आनन्द का सृजन करता है।
(3) यह प्रकृति प्रदत्त है।
(4) यह ख्याति प्रदान करता है।

**135.** संगीत द्वारा भावनाओं को प्रकट करने का प्रमुख माध्यम क्या हैं?

(1) मुद्रा, भाव
(2) रंग, आकृति
(3) स्वर, लय
(4) छंद, अलंकार

**136.** भाषा शिक्षा में रचनात्मकता क्या है ?

(1) सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण का प्रयोग करते हुए कक्षा सामग्री

(2) खुले अन्त वाले कक्षायी प्रदत्त कार्य जिनकी भिन्न-भिन्न व्याख्याएँ हो सकती हैं और भिन्न-भिन्न उत्तर निकल सकते हैं

(3) किसी अवधारणा के प्रति समझ बनाने के लिए विभिन्न विषयों से प्राप्त तत्वों को मिलाना

(4) शिक्षण की नवीन विधियों का प्रयोग करते हुए कक्षायी गतिविधि

**137.** ई मेल के उस प्रकार की पहचान करिए जो आप अपने उस सहयोगी को लिखना चाहेंगे जो आपका मित्र भी है ?

(1) लिखा-पढ़ी (करेसपाँडन्स) पत्र व्यवहार (2) अनौपचारिक

(3) औपचारिक (4) व्यापार संबंधी

**138.** भारत की 'शिक्षा नीति में भाषा' (त्रिभाषा सूत्र) किसे समुन्नत करने के लिए कहती है ?

(1) मातृभाषा आधारित बहुभाषावाद

(2) बहुभाषा शिक्षा

(3) एक भाषिक शिक्षा

(4) हिन्दी पर मुख्य बल देते हुए द्विभाषिक शिक्षा

**139.** विद्यार्थियों के अधिगम और समझ में स्पष्टता लाने के लिए समूची शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान किया जाने वाला आकलन क्या है ?

(1) अधिगम के रूप में आकलन (2) अधिगम के लिए आकलन

(3) अधिगम का आकलन (4) अधिगम में आकलन

**140.** द्वितीय भाषा की कक्षा में एक अध्यापक ने 'स्वास्थ्य ही धन है' पर आडियो रिकार्डिंग सुनायी। उसके बाद उसने कार्यपत्रक (वर्कशीट) बाँटी और कहा कि दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर पर निशान लगाएँ।
इस पाठ का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस योग्य बनाना है कि :

(1) स्वास्थ्य और धन पर पाठ को कंठस्थ किया जाए।

(2) स्वास्थ्य पर पाठ का श्रवण करें

(3) विद्यार्थियों को कार्य में संलग्न किया जाए।

(4) विचार बिन्दुओं को सुनकर विश्लेषण किया जाए।

**141.** भाषा अधिगम में गलतियों के बारे में क्या **सही** नहीं है ?

(1) गलतियाँ द्वितीय भाषा अर्जन की प्रक्रिया को समझने में मदद करती हैं

(2) गलतियाँ भाषा अधिगम प्रक्रिया में अवरोध पैदा करती है

(3) गलतियाँ हमेशा बुरी नहीं होती हैं और अधिगम में मदद करती हैं

(4) गलतियाँ भाषा अधिगम प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पहलू हैं

**142.** सरकारी विद्यालय की अध्यापिका रीता सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अंग्रेजी पढ़ाने के लिए दृश्य उपकरण और भाषा खेल खिलाती है। रीता शिक्षण के किस सिद्धान्त का अनुपालन कर रही है ?

(1) जीवन से सम्बद्धता का सिद्धान्त (2) स्वाभाविक प्रक्रिया का सिद्धान्त

(3) अभ्यास और आदत निर्माण का सिद्धान्त (4) अभिप्रेरणा और रुचि का सिद्धान्त

**143.** शीर्ष अधो मुखी प्रक्रिया (टॉप डाउन) के बारे में क्या सही **नहीं** है?

(1) सुनने वाले को प्रत्येक शब्द का अर्थ सुनने की आवश्यकता है

(2) सुनने वाले अपने पूर्व ज्ञान पर निर्भर होते हैं

(3) सुनने वाले जो सुनना चाहते हैं उसके बारे में अनुमान लगाते हैं

(4) सुनने वाले संसार के बारे में प्राप्त ज्ञान का प्रयोग करते हैं

**144.** भाषा शिक्षण के लिए प्रतिदिन काम में आने वाली सामग्री का प्रयोग करना क्या कहलाता है?

(1) पाठ्य सामग्री (2) वास्तविक वस्तुएँ (रीयलिया)

(3) भाषा खेल (4) शिक्षण सामग्री

**145.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं?

(a) पठन वैकल्य (डिस्लैक्सिया) पठन विकार है।

(b) लेखन वैकल्य (डिस्ग्रैफिया) लेखन विकार है।

(c) लेखन वैकल्य (डिस्ग्रैफ़िया) पठन विकार है।

(d) पठन वैकल्य (डिस्लैक्सिया) लेखन विकार है।

(1) (c) और (d) दोनों सही हैं (2) केवल (a) सही है

(3) केवल (b) और (d) सही हैं (4) (a) और (b) दोनों सही हैं

**146.** रचनात्मक आकलन के लिए कौन-सा उपकरण उपयुक्त **नहीं** है?

(1) कक्षा प्रस्तुतीकरण (2) प्रदत्त कार्य (3) लिखित परीक्षा (4) परियोजना

**147.** ''शिक्षार्थियों को समृद्ध भाषायी परिवेश मिलना चाहिए और गलतियाँ इस बात का साक्ष्य हैं कि अधिगम हो रहा है।'' यह किसके द्वारा अनुशंसित है?

(1) मनोविश्लेषणवादी (2) व्यवहारवादी (3) संज्ञानात्मकवादी (4) मानवतावादी

**148.** कौन-सा उपकरण समक्रमिक और अतुल्यकालिक ऑनलाइन शिक्षण अवसरों की उपलब्धता देता है?

(1) पैडलेट (2) पाठ्यपुस्तकें (3) रेलयात्रा टिकट (4) टेलीविज़न

**149.** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कब मनाया जाता है?

(1) तेरह अप्रैल (2) पहली जनवरी (3) चौदह फरवरी (4) इक्कीस फरवरी

**150.** उस लघु कथा को क्या कहेंगे जिसमें मुख्य पात्र पशु हैं और नैतिक मूल्यों को उभारते हैं?

(1) यात्रा वृतान्त (2) फंतासी (3) जंतुकथा (फेबल) (4) विज्ञान फिक्शन

- o O o -

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***